'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours 3rd Semester Examination, 2023

CC5-HINDI (305)

भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 3×4 = 12

(क) भाषा परिवर्तन से आप क्या समझते हैं ?

(ख) उपसर्ग किसे कहते हैं ?

(ग) स्वनविज्ञान क्या हैं ?

(घ) अर्थ परिवर्तन की दिशाओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(ङ) 'राजभाषा' की परिभाषा लिखिए।

(च) भाषा और बोली में क्या अंतर हैं ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 6×4 = 24

(क) भाषा विज्ञान कला है या विज्ञान ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) रचना के आधार पर वाक्य के विविध प्रकारों का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ग) 'शब्द' और 'पद' के अंतःसंबंध को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) भाषा परिवर्तन के किन्हीं दो कारणों का परिचय दीजिए।

(ङ) अर्थविज्ञान की अवधारणा स्पष्ट कीजिए।

(च) "भाषाविज्ञान व्याकरण का भी व्याकरण है।" – इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 12×2 = 24

(क) "भाषा मानव उच्चारण अवयवों से उच्चरित यादृच्छिक ध्वनि-प्रतीकों की समुचित व्यवस्था है जिसके द्वारा समाज विशेष के लोग आपस में विचार विनिमय करते हैं।"– इस मंतव्य के आलोक में भाषा के अभिलक्षणों का विवेचन कीजिए।

(ख) 'स्वन' को परिभाषित करते हुए इसके परिवर्तन के कारणों पर प्रकाश डालिए।

(ग) "संपर्क भाषा ही सर्वस्वीकृत होकर राष्ट्रभाषा बनती है।"– इस कथन की तर्कसंगत समालोचना कीजिए।

(घ) "देवनागरी लिपि एक आदर्श एवं वैज्ञानिक लिपि है।"– इस मंतव्य के संदर्भ में देवनागरी लिपि की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

——×——